# 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा ध्वजारोहण कर पुलिस कर्मियों को दिलाई गई राष्ट्र की एकता एवं अखंडता की शपथ

## रोहित संवाद न्यूज

श्रावस्ती । पुलिस अधीक्षक श्री राहुल भाटी द्वारा 80वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ एवं गौरवशाली अवसर पर कैंप कार्यालय एवं पुलिस लाइन क्वार्टर गार्द पर ध्वजारोहण किया गया तथा पुलिस कर्मियों को राष्ट्र की एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाकर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चंद्रकेश सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया तथा पुलिस कर्मियों को राष्ट्र की एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई गई। जनपद के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी पर ध्वजारोहण किया गया तथा पुलिस कर्मियों को राष्ट्र की एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई गई। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न उत्कृष्ट सेवाओं एवं उपलब्धियों के लिए पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक श्री राहुल भाटी द्वारा पुरस्कार/प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिनमें प्रमुख हैंकृ पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश महोदय द्वारा



उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह एवं सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह' निरीक्षक श्री महिमानाथ उपाध्याय व उप निरीक्षक श्री राजकुमार सिंह को प्रदान किया गया। यूपी–112 आपातकालीन सेवाओं में उत्कृष्ट रिस्पांस टाइम एवं सराहनीय कार्य हेतु 'पुलिस महानिदेशक, डायल–112' द्वारा उपनिरीक्षक श्री जलाल अहमद, मुख्य आरक्षी पवन कुमार यादव, मुख्य आरक्षी पंकज कुमार यादव, आरक्षी बलराम, आरक्षी प्रमोद कुमार, आरक्षी गौरव कुमार, आरक्षी रंजीत सिंह यादव व होमगार्ड चालक मदन मिश्रा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री चंद्रकेश सिंह, क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक सहित जनपद के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण एवं रिक्रूट आरक्षी उपस्थित रहे।